WORKSHEET 9

अनुच्छेद लेखन (2.5)

1 प्रदूषण की समस्या

संकेत बिंदु - ०. प्रदूषण का अर्थ ० प्रदूषण के प्रकार

० प्रदूषण के दुष्परिणाम ० प्रदूषण का निवारण

2पत्र लेखन (2.5)

अपने छोटे भाई को पत्र लिखकर समझाइए कि 'जंक फ़ूड' स्वास्थ्य हेतु लाभकारी नहीं होते।

3 शब्द युग्मों से वाक्य बनाइए :-4

१. गोल - मटोल

२. रोटी - वोटी

३. छोटी - मोटी

४. पानी - वानी

4 उपसर्गों को अलग करके लिखिए :-1

१. अनुचित २. अपरिचित

३. अनिच्छा४ .अनावश्यक

XXXXXXXXXXX

Worksheet 10

1. निम्न लिखित गद्यांश के आधार पर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए - (5)

लंबी छुट्टियों के बाद जब रवि स्कूल जा रहा था, तब उसने देखा कि उसके स्कूल के निकट खेल के मैदान में खुदाई हो गयी थी | वहाँ वे स्कूल के बाद खेलते थे | लोगों ने बताया कि वहां एक बहु मंज़िली इमारत बनेगी | जब रवि को समझ में आया कि मुलायम घास , गेंदे के फूल एवं तितलियोंवाला विशाल मैदान अब हमेशा के लिए नष्ट हो चुका है तो उसकी आँखों से आँसू छलकने लगे | उसने यह बात अपने सहपाठियों को बताई | सुबह की सभा में प्रधानाचार्य ने भी बहुत उदासी से कहा, " देखो , कैसे हमारा पर्यावरण बदल रहा है |" कक्षा में पहुँचकर रवि ने शिक्षक से पुछा , "पर्यावरण क्या है ? " शिक्षक ने बताया कि जो कुछ भी अपने आस - पास देखते हो, वे सभी हमारे पर्यावरण के अंग है |

१. लंबी छुट्टियों के बाद स्कूल जाते समय रवि ने क्या देखा ?

२. वे मैदान में क्यों जाते थे ?

३. पर्यावरण क्या होता है ?

४. 'मुलायम घास' में विशेषण शब्द कौन - सा है ?

५ हमेशा के लिए क्या नष्ट हो चूका है ?

2उपसर्ग जोड़कर नया शब्द बनाइए - 2

----- + रहम , ----- + धर्म

3नीचे दिए वाक्यों में उचित विराम चिन्ह लगाइए -2

i वाह यह तो बहुत प्रसन्नता की बात है

ii वह केवल इतना ही बोली शिवजी आप सच्चा वीर है

4 . क्रिया विशेषण शब्दों से खाली स्थानों को भरिए - 1

(ऊपर , उधर , ध्यानपूर्वक)

i ------- मत जाओ , वहाँ गड्ढा है |

Ii उनकी बातें -------- सुनो |

xxxxxxxxxxxxxxx